# 3 जुलाई गुरूवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाटरी आयोजित

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना की खुली लाटरी निगम सभागार में दिनांक 03.07.2025 को समय दोपहर 3:30 बजे आयोजित किया गया है। निगम क्षेत्र में किरायेदारी के रूप में निवासरत वरिष्ठ नागरिकजन एवं दिव्यांगजनों द्वारा पूर्व में आवास हेतु विधिवत आवेदन भरकर योजना शाखा के काउन्टर कक्ष 16 में जमा किए है। जिन हितग्राहियों का नाम पात्रता की श्रेणी में आया है, उन सभी का नाम सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। हितग्राही लाटरी से पूर्व मकान के कुल राशि का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा कर दें। राशि जमा करने पश्चात उन्हे लाटरी में शामिल कर भूतल के आवासों का आबंटन किया जाएगा। इस समाचार को सूचना मानकर संबंधित आवेदक निगम कार्यालय में निर्धारित समय व तिथि में उपस्थित होकर लाटरी में भाग ले।

